कोविड-19 वैक्सीन तथ्य पत्र

# आपको कोविड-19 (COVID-19) वैक्सीन के बारे में क्या पता होना चाहिए

## कोविड-19 वैक्सीन के बारे में

**वैक्सीन कैसे काम करती हैं?**

वैक्सीन आपके शरीर के वायरस में पाए गए हानिकारक प्रोटीन बनाने के लिए कहती हैं और ऐसी एंटीबॉडीज बनाना शुरू करती हैं, जो असली वायरस से लड़ सकती हैं, यदि आप इसके संपर्क में आते हैं।

**वैक्सीन अच्छी तरह कैसे काम करती है, क्या मुझे तब भी कोविड-19 हो सकता है?**

Pfizer-BioNTech और Moderna वैक्सीन, आपकी बाजू के ऊपरी हिस्से पर सुई का प्रयोग करते हुए दो खुराकों में लगाई जाती हैं। पहली और दूसरी खुराक के लिए एक ही वैक्सीन का प्रयोग किया जाता है। Pfizer-BioNTech और Moderna वैक्सीन के, दो खुराकों के बाद, 94-95% तक प्रभावी होने की संभावना है।

**क्या वैक्सीन लगवाने के बाद भी मुझे मास्क पहनना होगा?**

हां। बिना लक्षणों वाले संक्रमण को रोकने और कोविड-19 के संचरण को कम करने में, वैस्कीन की प्रभाविकता निर्धारित करने के लिए अध्ययन अभी भी चल रहे हैं। अब, और जब तक वैज्ञानिक विशेषज्ञ नहीं कहते कि बंद करना सुरक्षित है, तब तक पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों की सलाह का पालन जारी रखना महत्वपूर्ण है, इसमें शामिल है, आपके परिवार के बाहर वाले लोगों से दो मीटर की शारीरिक दूरी रखना, मास्क पहनना, अच्छी तरह से हाथ धोना और गैर-जरूरी यात्रा को सीमित करना। ये उपाय, आपको, आपके प्रियजनों को और आपके समुदाय को सुरक्षित रखने में मदद करेंगे।

**वैक्सीन कितने समय तक चलेगी?  क्या मुझे हर साल लगवाने की जरूरत है?**

यह निर्धारित करने के लिए अध्ययन अभी चल रहे हैं कि वैक्सीन कितने समय तक इम्युनिटी प्रदान करेगी। सरकार जनता को सूचित करती रहेगी, जब-जब नया डेटा उपलब्ध होगा।

**क्या वैक्सीन में माइक्रोचिप है?**

नहीं।

**कोविड-19 वैक्सीन, फ्लू वैक्सीन से अलग कैसे है?**

कोविड-19 वैक्सीन और फ्लू वैक्सीन काफी अलग हैं और सीधे तौर पर इनकी तुलना नहीं की जा सकती। ये अलग-अलग वायरसों को निशाना बनाती हैं: फ्लू वैक्सीन को कई इन्फ्लूएंज़ा वायरसों से लड़ना पड़ता है, जो रूप बदलते हैं, जबकि कोविड-19 वैक्सीन केवल एक वायरस, SARS-CoV-2 को निशाना बनाती है।

**यदि मैं Pfizer या Moderna वैक्सीन की दूसरी खुराक न लूं तो क्या होगा?**

दोनों खुराकें लेना महत्वपूर्ण है। पहली खुराक द्वारा प्रदान की जाने वाली सुरक्षा, दूसरी खुराक के बाद हासिल होने वाली सुरक्षा के मुकाबले कम है। वैक्सीन, दो खुराकों के बाद, 94-95% प्रभावी हैं।

**Pfizer-BioNTech वैक्सीन में कौन-सी सामग्रियां हैं?**

वैक्सीन में गैर-मेडिकल सामग्रियां शामिल हैं:

- ALC-0315 = (4-hydroxybutyl)azanediyl)bis(hexane-6,1-diyl)bis(2-hexyldecanoate)
- ALC-0159 = 2-[(polyethylene glycol)-2000]-N,N-ditetradecylacetamide
- 1,2-distearoyl-sn-glycero-3-phosphocholine
- कोलेस्ट्रॉल
- डीबेसिक सोडियम फोस्फेट डीहाईड्रेट
- मोनोबेसिक पोटाशियम फोस्फेट
- पोटाशियम क्लोराइड
- सोडियम क्लोराइड
- सक्रोस
- इंजेक्शन के लिए पानी

अधिक जानकारी के लिए ओनटैरियो मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ (Ontario Ministry of Health) की Information Sheet on Pfizer-BioNTech and Moderna COVID-19 Vaccines देखें।

**Moderna वैक्सीन में कौन-सी सामग्रियां हैं?**

Moderna कोविड-19 वैक्सीन में गैर-मेडिकल सामग्रियां शामिल हैं:

- 1, 2-distearoyl-sn-glycero-3-phosphocholine (DSPC)
- असैटिक एसिड
- कोलेस्ट्रॉल
- लिपिड SM-102
- PEG2000 DMG 1,2-dimyristoyl-rac-glycerol, methoxy-polyethyleneglycol
- सोडियम ऐसिटेट
- सक्रोस
- ट्रोमोथामाइन
- ट्रोमोथामाइन हाईड्रोक्लोराइड
- इंजेक्शन के लिए पानी

अधिक जानकारी के लिए ਹੋਰ ਜਾਣਕਾਰੀ ਲਈ ओनटैरियो मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ (Ontario Ministry of Health) की Health's Information Sheet on Pfizer-BioNTech and Moderna COVID-19 Vaccines देखें।

# कोविड-19 वैक्सीन सुरक्षा

**क्या कोविड-19 वैक्सीन सुरक्षित हैं?**

हां। ओनटैरियो में केवल वही वैक्सीन लगाई जाएंगी, जो हेल्थ कैनेडा (Health Canada) द्वारा मंज़ूर और सुरक्षित तथा प्रभावी निर्धारित की गई हैं।

हेल्थ कैनेडा के पास, दुनिया में सबसे अधिक ठोस वैज्ञानिक समीक्षा सिस्टमों में से एक है। हेल्थ कैनेडा केवल तभी किसी वैक्सीन को मंज़ूरी देती है, यदि यह सुरक्षित हो, लाभदायक हो, निर्माण शर्तों को पूरा करती हो, और वैक्सीन लगवाने के फायदे, जोखिमों से अधिक हों।

**वैक्सीन के लिए मंज़ूरी प्रक्रिया क्या थी?**

कैनेडा के सर्वोत्तम स्वतंत्र वैज्ञानिकों ने, वैक्सीन को कैनेडा के निवासियो के लिए सुरक्षित और प्रभावी के तौर पर मंज़ूर करने से पहले पूरे डेटे की अच्छी तरह से समीक्षा की। इन वैक्सीन को मंज़ूर करने में सभी सुरक्षा उपायों का पालन किया गया। कोविड-19 वैक्सीन का विकास कई कारणों से अधिक जल्दी से आगे बढ़ा, इनमें शामिल हैं: वैक्सीन मंज़ूरी प्रक्रिया में देरी का कम हुआ समय, मौजूदा रिसर्च प्रोग्रामों को जल्दी अपनाना, वैज्ञानिकों और सरकारों के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, बढ़ी हुई समर्पित फंडिंग और क्लिनिकल ट्रायल्स भागीदारों की तुरंत भर्ती।

अधिक जानकारी के लिए मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ की summary of the COVID-19 Vaccine Approval Process and Safety देखें।

**क्या मुझे उस वैक्सीन के बारे में चिंतित होना चाहिए, जो इतनी जल्दी विकसित की गई?**

नहीं। ओनटैरियो में केवल वही वैक्सीन लगाई जाएंगी, जो हेल्थ कैनेडा (Health Canada) द्वारा मंज़ूर और सुरक्षित तथा प्रभावी निर्धारित की गई हैं।

ये वैक्सीन पूरी दुनिया से इस प्रयास में दिए, पहले कभी न देखे गए सहयोग और फंडिंग स्तरों के कारण, पहले से कहीं अधिक तेज़ी से विकसित की गईं।

वैक्सीन के पीछे की टेक्नोलॉजी 10 वर्षों से अधिक की है और यह पहले से ही इन्फ्लूएंज़ा, ज़ीका वायरस, रैबीज वायरस, साइटोमैग्लोवायरस (CMV) और अन्य के लिए जानवर नमूनों में प्रयोग की जा चुकी है। चूंकि यह उन्नत टेक्नोलॉजी पहले से ही मौजूद थी, इस कारण वैज्ञानिक जल्दी से काम कर पाए।

**क्या वैक्सीन से मुझे कोविड-19 हो सकता है?**

नहीं। कोविड-19 वैक्सीन से आपको कोविड-19 या कोई अन्य संक्रमण वाली बीमारी नहीं होती। हेल्थ कैनेडा द्वारा मंज़ूरी की गई कोई भी वैक्सीन अभी तक लाइव नहीं हैं, मतलब कि उनमें वह वायरस नहीं है, जो कोविड-19 का कारण बनता है।

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि मनुष्य के शरीर में वैक्सीनेशन के बाद, आम तौर पर इम्युनिटी बनाने में कुछ सप्ताह लगते हैं। इसका अर्थ है कि यह संभव है कि किसी व्यक्ति के वैक्सीनेशन से पहले या बाद में उसे वायरस से संक्रमित होने की संभावना है, जो कोविड-19 पैदा करता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वैक्सीन को सुरक्षा प्रदान करने में ज्यादा समय नहीं मिला। चाहे आप वैक्सीन लगवाएं, फिर भी कृपया खुद को, अपने प्रियजनों को और अपने समुदाय को सुरक्षित रखने के लिए, पब्लिक हेल्थ के उपायों का पालन जारी रखें।

**क्या मुझे दुष्प्रभाव महसूस होंगे?**

दवाईयों और अन्य वैक्सीन की तरह ही, कोविड-19 वैक्सीन से भी दुष्प्रभाव हो सकते हैं। जब वैक्सीन काम शुरू करती है, तो सबसे अधिक आम दुष्प्रभावों में शामिल हैं, आपकी बाजू पर टीके वाली जगह पर दर्द, थोड़ी थकान, कंपकंपी और/या मामूल सिरदर्द। क्लिनिकल ट्रायल्स के दौरान, सबसे अधिक दुष्प्रभाव मामूली थे और वैक्सीनेशन के बाद कुछ दिनों के अंदर ही ठीक हो गए थे।

इस तरह के दुष्प्रभाव संभावी होते हैं और यह संकेत देते हैं कि वैक्सीन, सुरक्षा प्रदान करने के लिए काम कर रही है।

किसी भी दवाईयों और वैक्सीन की तरह ही, वैक्सीन लगवाने के बाद एलर्जिक रिएक्शन बहुत ही कम हैं परंतु हो सकते हैं। एलर्जिक रिएक्शनों के लक्षणों में शामिल हैं, पित्ती (त्वचा पर उभार, जिन पर अकसर काफी खुजली होती है), आपके चेहरे, जीभ या गले पर सूजन, या सांस लेने में मुश्किल। सबसे अधिक गंभीर रिएक्शन, इंजेक्शन के तुरंत बाद होते हैं और क्लिनिक स्टाफ, एलर्जिक रिएक्शन होने पर इसे संभालने के लिए तैयार रहता है। यदि आप वैक्सीन लगवाने के बाद आपको अनुभव होने वाले किसी रिएक्शंस के बारे में चिंतित हैं, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें। आप सवाल पूछने या प्रतिकूल रिएक्शन की रिपोर्ट करने के लिए अपनी लोकल पब्लिक हेल्थ यूनिट से भी संपर्क कर सकते हैं।

वैक्सीन लगवाने के बाद गंभीर दुष्प्रभाव बहुत ही कम होते हैं। हालांकि, यदि आपको वैक्सीन लगवाने के तीन दिनों के अंदर निम्नलिखित रिएक्शन्स में से कुछ भी होता है, तो तुरंत मेडिकल सलाह लें या 911 पर फोन करें:

- पित्ती

- चेहरे या मुंह की सूजन
- सांस लेने में मुश्किल
- बहुत पीला रंग और गंभीर ऊंघ
- तेज़ बुखार (40°C से अधिक)
- ऐंठन या दौरे
- अन्य गंभीर लक्षण (जैसे “चुभता हुआ दर्द” या सुन्नता)

**इस वैक्सीन के अधिक लंबी-अवधि के दुष्प्रभाव कौन-से हैं?**

Pfizer-BioNTech और Moderna वैक्सीन पर जारी अध्ययन, अब तक मिले किसी गंभीर दुष्प्रभावों का संकेत नहीं देते हैं। जिन लोगों ने अध्ययनों में वैक्सीन लगवाई है, उनका अधिक लंबी-अवधि के दुष्प्रभावों के लिए लगातार निरीक्षण किया जाएगा।

इम्युनाइज़ेशन (AEFIs) के बाद प्रतिकूल घटनाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए या AEFI की रिपोर्ट करने के लिए Public Heath Ontario’s vaccine safety web page पर जाएं।

**क्या पहली खुराक के मुकाबले दूसरी खुराक के दुष्प्रभाव अधिक खराब हैं?**

वैक्सीन की दूसरी खुराक के बाद ही, दुष्प्रभावों के होने की संभावना है। क्योंकि दुष्प्रभाव, आपके इम्यून सिस्टम द्वारा सुरक्षा पैदा करने का नतीजा हैं, इसलिए जब आपका इम्यून सिस्टम पहली खुराक से तैयार हो जाता है, तो दूसरी खुराक के लिए कहीं अधिक मज़बूत इम्यून प्रतिक्रिया होती है (यह अच्छी बात है!)।

**क्या कोविड-19 वैक्सीन लगवाने से किसी की मौत हुई है?**

कोविड-19 वैक्सीन के सीधे परिणाम के तौर पर किसी की मौत की खबर नहीं है। दुनियाभर में कोविड-19 से लगभग दो मिलियन लोगों की मौत हो चुकी है।

# क्या मुझे कोविड-19 वैक्सीन लगवानी चाहिए?

**मुझे कोविड-19 वैक्सीन क्यों लगवानी चाहिए?**

वैक्सीन, कोविड-19 महामारी को खत्म करने का एकमात्र अनुमानित उपाय है। जब तक बड़ी संख्या में कैनेडा के निवासी वैक्सीन नहीं लगवाते, तब तक महामारी खत्म नहीं होगी। आप वैक्सीन लगवाकर, खुद को, अपने प्रियजनों को और अपने समुदाय को सुरक्षित कर सकते हैं।

हालांकि वैक्सीन व्यक्तिगत तौर पर हम में से प्रत्येक को सुरक्षित करेगी, वैक्सीन प्रोग्राम का मुख्य लक्षय अधिक संख्या में आबादी को इम्यूनाइज़ करना है, ताकि कोविड-19 और न फैले।

जिन लोगों को वैक्सीन लगवाने की जरूरत है, उनका प्रतिशत इस बाद पर निर्भर करता है कि बीमारी कितने संक्रमण वाली है और बीमारी को फैलने से रोकने में वैक्सीन कितनी प्रभावी है।

जितनी जल्दी बड़ी संख्या में कैनेडा के निवासी वैक्सीन लगवाएंगे, उतनी ही जल्दी हमारी ज़िंदगियां सामान्य रूप में वापस आ सकती हैं।

**मैं अधिक जोखिम पर नहीं हूं। कोविड-19 उतना बुरा नहीं है। मुझे वैक्सीन की जरूरत नहीं है।**

पूरी दुनिया में, एक वर्ष से भी कम समय में, कोविड-19 से लगभग दो मिलियन लोगों की मौत हो चुकी है। कोविड-19 पक्षपात नहीं करता, और कोई भी वायरस से बीमार हो सकता है।

चाहे किसी स्वस्थ व्यक्ति की कोविड-19 संक्रमण से मौत नहीं होती, फिर भी उन्हें लंबी-अवधि की जटलिताएं हो सकती हैं, जो आम ज़िंदगी का अनुभव लेने की उनकी क्षमता पर असर डालें, जैसे रुक-रुक कर सांस आना, थकान, सिरदर्द, मांसपेशी/जोड़ों में दर्द, बोध संबंधी विकार और/या गंध।

चाहे आप अधिक जोखिम पर नहीं हैं, आपके समुदाय में और व्यक्ति हैं, हो सकता है कि जो अधिक-जोखिम पर हों और उनका इम्यून सिस्टम बेहद कमज़ोर हो, जिसका मतलब है कि उनका इम्यून सिस्टम, वैक्सीन लगवाने के लिए मज़बूत नहीं है। जब बड़ी संख्या में समुदाय में वैक्सीन लग जाती है, तो यह उन व्यक्तियों को सुरक्षित करती है, जिनका इम्यून सिस्टम बेहद कमज़ोर होता है क्योंकि यह वायरस के पूरे समुदाय में फैलने और कमज़ोर इम्यून सिस्टम वाले व्यक्ति के संक्रमित होने की संभावना को कम करता है, जो वैक्सीन नहीं लगवा सकता।

**मुझे लगता है कि मुझे प्रतीक्षा करनी चाहिए और देखना चाहिए कि दूसरों के साथ क्या होता है**

जितनी जल्दी बड़ी संख्या में कैनेडा के निवासी वैक्सीन लगवाएंगे, उतनी जल्दी ही हमारी ज़िंदगियां सामान्य रूप में वापस आ सकती हैं। हमें महामारी को खत्म करने के लिए बड़ी संख्या में कैनेडा के निवासियों को वैक्सीन लगाने की जरूरत है।

जितनी जल्दी हमें पूरी सप्लाई मिलती है, हम प्रांत के प्रत्येक कोने में वैक्सीन वितरित करने के लिए काम कर रहे हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए जो वैक्सीन लगवाना चाहें, उस प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित रूप से और जल्दी से वैक्सीन लगाई जा सकती है, यह महत्वपूर्ण है कि जिन लोगों की वैक्सीन तक पहुंच हैं, वह पेश किए जाने पर पहली बार में ही वैक्सीन लगवा लें।

**यदि मैं गर्भवती हूं या गर्भधारण का प्रयास कर रही हूं तो क्या होगा?**

गर्भवती महिलाएं, कोविड-19 वैक्सीन लगवाने योग्य हो सकती है।

गर्भवती महिलाओं को Pfizer BioNTech और Moderna कोविड-19 वैक्सीन के लिए फेज 3 के ट्रायल्स से अलग रखा गया था। इस कारण, गर्भावस्था के दौरान वैक्सीन की सुरक्षा के बारे में सीमित डेटा है।

अधिकारिक आयु समूह में गर्भवती महिलाएं, काउंसलिंग और सूचित सहमति के बाद वैक्सीन लगवाने का चयन कर सकती हैं, जिसमें शामिल है:

- वैक्सीन के जोखिमों और फायदों की समीक्षा
- गर्भावस्था में कोविड-19 संक्रमण के संभावी जोखिमों/नतीजों की समीक्षा
- गर्भावस्था में कोविड-19 संक्रमण होने के जोखिमों की समीक्षा
- गर्भवती महिलाओं में मौजूदा कोविड-19 वैक्सीन के प्रयोग के लिए प्रमाण की कमी होने की स्वीकृति

यदि अपने इलाज करने वाले प्रदाता से इस काउंसलिंग के बाद, गर्भवती महिला को लगता है कि वैक्सीनेशन के संभावी फायदे, संभावी नुक्सानों से अधिक हैं, तो वे वैक्सीन तक पहुंच में सक्षम होंगी।

गर्भ धारण की योजना बनाने वाली महिलाओं को अपने प्राइमरी केयर प्रदाता से बात करनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए Society of Obstetricians and Gynaecologists of Canada Statement on COVID-19 Vaccination in Pregnancy से मश्विरा लें।

**यदि मैं स्तनपान कराती हूं तो क्या होगा?**

स्तनपान कराने वाली महिलाएं, कोविड-19 वैक्सीन लगवाने योग्य हो सकती है।

स्तनपान कराने वाली महिलाओं को Pfizer BioNTech और Moderna कोविड-19 वैक्सीन के लिए फेज 3 के ट्रायल्स से अलग रखा गया था। इस कारण, स्तनपान कराने वाली महिलाओं में वैक्सीन की सुरक्षा या स्तनपान कराए बच्चों पर या दूध के उत्पादन पर, mRNA वैक्सीन के प्रभावों के बारे में कोई डेटा नहीं है।

स्तनपान कराने वाली किसी भी महिलाओं के लिए, कोविड-19 वैक्सीन काउंसलिंग और सूचित सहमति के बाद पेश की जानी चाहिएं, जिसमें शामिल है स्तनपान कराने वाली महिलाओं में कोविड-19 वैक्सीन के प्रयोग के लिए प्रमाण की कमी की पहचान करना।

अधिक जानकारी के लिए, Society of Obstetricians and Gynaecologists of Canada Statement on COVID-19 Vaccination in Pregnancy से मश्विरा लें।

**मेरे बच्चों को वैक्सीन कब लग सकती है?**

अब तक, वैक्सीन को बच्चों के लिए मंज़ूरी नहीं दी गई है। यह निर्धारित करने के लिए रिसर्च जारी है कि अधिकारिक उम्र से कम उम्र वाले व्यक्तियों को वैक्सीन कब लगाई जा सकती है।

यदि मैं अब यह न लगाऊं, तो क्या मुझे बाद में अवसर मिलेगा? या क्या मुझे लाइन के अंत में लगाया जाएगा?

हमारा लक्षमय यह सुनिश्चित करना है कि ओनटैरियो में हर किसी को वैक्सीन लगे, जो योग्य है और जो ऐसा चाहता है। जितनी जल्दी बड़ी संख्या में कैनेडा के निवासी वैक्सीन लगवाएंगे, उतनी जल्दी ही हमारी ज़िंदगियां सामान्य रूप में वापस आ सकती है। जब तक बड़ी संख्या में कैनेडा के निवासी वैक्सीन नहीं लगवाते, तब तक महामारी नियंत्रण में नहीं होगी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि जो वैक्सीन लगवाना चाहे, हम जितनी जल्दी हो सके, उस प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित रूप से और जल्दी से वैक्सीन लगा सकते हैं, यह महत्वपूर्ण है कि जिन लोगों की वैक्सीन तक पहुंच है, वे पेश किए जाने पर पहली बार में ही वैक्सीन लगवा लें।

**यदि मैं अपने नियमित इम्यूनाइज़ेशन शेड्यूल से पीछे होऊं तो क्या होगा? क्या मुझे तब भी वैक्सीन मिल सकती है?**

हां। हम उन लोगों को भी ताज़ा जानकारी के लिए अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करने की सलाह देते हैं, जो अपने इम्यूनाइज़ेशन में पीछे हैं।

**मैं प्राथमिक समूह में क्यों नहीं हूं?**

जैसे कि कोविड-19 वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन टास्क फोर्स (COVID-19 Vaccine Distribution Task Force) द्वारा सलाह दी गई है और नैशनल एडवाइजरी कमेटी ऑन इम्यूनाइज़ेशन (National Advisory Committee on Immunization) के मुताबिक, प्रांत ने मार्च 2021 में वैक्सीन प्राप्त करने के लिए अगले समूहों की पहचान करने के लिए एक दृष्टिकोण अपनाया है। फेज एक के हिस्से के तौर पर, हम सबसे पहले सबसे कमज़ोर लोगों को वैक्सीन लगा रहे हैं, जिन्हं वायरस के संपर्क में आने के अधिक जोखिम नतीजे हैं और जो वायरस से संक्रमित होने और इसे फैलाने के अधिक जोखिम पर हैं।

जैसे ही ओनटैरियो में अधिक वैक्सीन सप्लाई मिलेगी, अतिरिक्त समूहों को शामिल करने के लिए प्रोग्राम का और विस्तार किया जाएगा। प्रोग्राम के अलग-अलग फेजों सहित, ओनटैरियो के कोविड-19 वैक्सीनेशन प्रोग्राम के बारे में, आप अधिक विवरण Ontario’s COVID-19 vaccine web page पर प्राप्त कर सकते हैं।